**प्रेस विज्ञप्ति**

**बिहार पुलिस मुख्यालय**

दिनांक–07.08.2023 (सं0–366)

## बिहार पुलिस द्वारा मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन/अवैध हथियार की बरामदगी :–

- बिहार पुलिस द्वारा मिनी गन फैक्ट्री/अवैध हथियार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**वर्ष–2023 के प्रथम छमाही में बिहार पुलिस की उपलब्धि:–**

- मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन की कुल संख्या :– 23
- अवैध हथियार बरामदगी की कुल संख्या :– 2340
- नियमित आग्नेयास्त्र की कुल संख्या :– 46
- कारतूस की कुल संख्या :– 17381

**वर्ष–2021, 2022 एवं 2023 (जून तक) का उपलब्धि :–**

| उपलब्धि का प्रकार | वर्ष 2021 | वर्ष 2022 | वर्ष 2023 (माह–जून तक) |
|---|---|---|---|
| मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन | 61 | 32 | 23 |
| अवैध हथियार की बरामदगी | 3951 | 4288 | 2340 |
| नियमित आग्नेयास्त्र की बरामदगी | 30 | 78 | 46 |
| कारतूस बरामद | 14084 | 28200 | 17381 |

**माह–जुलाई, 2023 में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन :–**

- दिनांक–18.07.2023 को **लखीसराय जिला के मेदनीचौकी थानान्तर्गत** सलारपुर शमशान घाट के पास एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया, जिसमें **अर्द्धनिर्मित देशी पिस्टल–06, देशी कट्टा–01, गोली–16 पीस एवं हथियार बनाने के कई उपकरण** बरामद हुए तथा **05 हथियार तस्कर गिरफ्तार** हुए।

- दिनांक–19.07.2023 को **भागलपुर जिला के लोदीपुर थानान्तर्गत** ग्राम–उस्तु में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जिसमें **देशी पिस्तौल–05, अर्द्धनिर्मित दोनाली देशी रायफल–02, देशी कट्टा का अर्द्धनिर्मित बट बॉडी–07, बैरल–08 एवं अन्य अवैध सामग्री तथा हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद** हुए तथा **02 हथियार तस्कर गिरफ्तार** हुए।

- दिनांक–19.07.2023 को **गया जिला के बेला थानान्तर्गत** ग्राम–शेखबिगहा में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जिसमें **01 देशी पिस्टल, 02 सिक्सर, 03 कट्टा, पिस्टल का खाली मैगजीन–01 एवं हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद** हुए।
- दिनांक–27.07.2023 को **सीतामढ़ी जिला के सहियारा थानान्तर्गत** ग्राम–दिल्ली में एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। जिसमें **देशी बन्दूक–01, जिंदा कारतूस–02 एवं हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद हुए** तथा **03 अपराधी गिरफ्तार हुए।**
- दिनांक–30.07.2023 को **खगड़िया जिले के मानसी थानान्तर्गत** एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। **जिसमें 17 पिस्टल, 18 मैगजीन, 02 (.315) का जिंदा गोली, अन्य हथियार एवं हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद** हुए तथा **01 हथियार तस्कर को गिरफ्तार** किया गया।

**माह–अगस्त, 2023 (दिनांक–02.08.2023 तक) में मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन :–**

- दिनांक–01.08.2023 को **मुंगेर जिले के बरियारपुर थाना अंतर्गत ऋषिकुण्ड पहाड़ पर एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन** किया गया। जिसमें **देशी कट्टा–01, अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा–01, बेस मशीन–03, ड्रील मशीन–03 एवं हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद हुये** तथा **01 हथियार तस्कर को गिरफ्तार** किया गया।

**xxxxxxxxxx**